# दिनांक 06/08/2025 को संपन्न "River Rejuvenation Committee" की बैठक का कार्यवाही विवरण

माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण प्रमुख पीठ नई दिल्ली द्वारा ओ. ए. क्रमांक 673/2018 में पारित आदेश दिनांक 20.09.2018 के परिपालन में गठित "River Rejuvenation Committee" की बैठक दिनांक 06/08/2025 को सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निम्नानुसार निर्देश दिये गये:-

1. छत्तीसगढ़ राज्य में नदियों के प्रदूषित भाग में दूषित जल उपचार संयंत्रों की स्थापना समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया।
2. सदस्य सचिव छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को निर्देशित किया गया कि अरपा नदी के प्रदूषित भाग के संदर्भ में एक्शन प्लान तैयार करें।
3. छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को निर्देशित किया गया कि नदी के किनारे स्थित उद्योगों की नियमित निगरानी एवं मॉनिटरिंग की जाये, तथा इस संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी से विभाग को अवगत भी कराया जाये।
4. सचिव महोदय द्वारा फ्लड प्लेन डीमार्केशन तथा राज्य में मॉडल रिवर के चिन्हांकन की कार्यवाही हेतु जल संसाधन विभाग के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया।
5. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि दूषित जल उपचार संयंत्र से उपचारित दूषित जल के पुर्नउपयोग के संबंध में उद्योगों से एमओयू किया गया है, सचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि उपरोक्त संबंधितों से एमओयू के संबंध में पृथक से बैठक विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित की जाये।

अंत में बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुई।

विशेष सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
आवास एवं पर्यावरण विभाग



File No. GENS/748/2025-HOUSING (Computer No. 14720)
Generated from eOffice by SOHAN LAL SAHU, SSA(HOUSING AND ENVIRONMENT SECTION), SENIOR SECRETARIAT ASSISTANT(HOUSING DEPARTMENT), HOUSING AND ENVIRONMENT DEPA

//2//

पृ.क्र.**GENS/748/2025-HOUSING** नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 06/08/2025

प्रतिलिपिः-

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय,
2. संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, इन्द्रानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
3. संचालक, उद्योग संचालनालय, उद्योग भवन, तेलीबांधा रायपुर
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, नवा रायपुर अटल नगर
5. सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नवा रायपुर अटल नगर
6. स्टॉफ ऑफिसर, सचिव, छ.ग.शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग,

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अनुभाग अधिकारी
आवास एवं पर्यावरण विभाग